**न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, मोहम्मदी–खीरी।**

CNR NO.–UPLP 1200 0309 2026

महेन्द्र सिंह
बनाम
देव सिंह

प्रकीर्ण वाद सं०–10/2026
अ०सं०–363/2025
थाना–मैगलगंज, जिला–खीरी।

**दिनांकः 18.08.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी मुकदमा गैर हाजिर। पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त मामले में विवेचक द्वारा विवेचना के उपरान्त अंतिम आख्या प्रस्तुत की गयी है, जिस पर वादी मुकदमा को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जरिए वारिस तामील होकर पत्रावली में दाखिल है। वादी को आपत्ति हेतु पर्याप्त समय न्यायहित में दिया जा चुका है। इस समय न्यायालय की घड़ी में 04:30 बजे हैं, वादी का काफी इन्तजार किया जा चुका है, परन्तु वादी न्यायालय में गैर हाजिर है। ऐसा प्रतीत होता है कि वादी अपने वाद में रुचि नहीं ले रहा है। ऐसी दशा में अंतिम रिपोर्ट स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

विवेचक द्वारा प्रस्तुत अन्तिम रिपोर्ट सं०–58/2025 स्वीकार की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(रजत प्रकाश सोन)
न्यायिक मजिस्ट्रेट
मोहम्मदी–खीरी
(JO CODE–UP3725)